भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1344

जिसका उत्तर दिनांक 14.12.2022 को दिया जाना है

राष्ट्रीय ऊर्जा ग्रिड को केएनपीपी का योगदान

1344. श्रीमती कनिमोझी करुणानिधि :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत पांच वित्तीय वर्षों के दौरान राष्ट्रीय ऊर्जा ग्रिड में केएनपीपी के योगदान का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान केएनपीपी से विद्युत के कुल उत्पादन के वितरण का राज्य-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है और विद्युत संयंत्र के पूर्ण क्षमता कार्यकरण के लिए इकाइयों के निर्माण में क्या प्रगति हुई है; और

(ग) वर्तमान में विद्युत संयंत्र में कुल कितने कर्मचारी हैं और तमिलनाडु के कितने अधिवासी कर्मचारी हैं?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेन्द्र सिंह) :

(क) पिछले पांच वर्षों (2017-18 से 2021-22) के दौरान केकेएनपीपी 1 व 2 (2 X 1000 मेगावाट) से ग्रिड में बिजली का योगदान 48,382 मिलियन यूनिट था।

(ख) केकेएनपीपी-1 व 2 से बिजली निर्यात का राज्य-वार वितरण (मिलियन यूनिट में) नीचे दिया गया है:

वर्ष->	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22
केरल	1089	757	1404	1510	1852
तमिलनाडु	4608	3199	5914	6365	7799
तेलंगाना	197	149	180	294	350
पुडुचेरी	281	195	364	388	476
कर्नाटक	1820	1263	2338	2512	3079

अक्टूबर 2022 तक, केकेएनपीपी 3 व 4 और केकेएनपीपी 5 व 6 ने क्रमशः 63.57% और 12.89% की वास्तविक प्रगति प्राप्त की है।

(ग) कुडनकुलम स्थल (केकेएनपीपी यूनिट 1 से 6) पर वर्तमान में एनपीसीआईएल के कर्मचारियों की कुल संख्या 1257 है, जिन्हें देश भर से लिया गया है। इनमें से 810 कर्मचारी तमिलनाडु के अधिवासी हैं।

*****